www.nagaurdaily.com

RNI Title-Code :- RAJBIL27027
Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...




# पीएम मोदी ने केदारनाथ-बद्रीनाथ के दर्शन किये
# मोदी 25 साल पुरानी कहानी सुनाई

## आज बरसेगा बाजारों में धन

### इस बार धनतेरस दो दिन रहेगी

### आज सुबह 8 बजे से खरीदारी और निवेश के मुहूर्त रविवार को भी कर सकेंगे धनतेरस की खरीदारी



धनतेरस से पांच दिनों का दीपोत्सव पर्व शुरू हो रहा है। इस बार धनतेरस 22 की शाम 6 बजे से शुरू होगी और 23 की शाम 6 बजे तक रहेगी। इस कारण धनतेरस 22 और 23 दोनों दिन मानी जाएगी। 22 की शाम में धन्वंतरि पूजा और यम दीपदान के लिए 1-1 मुहूर्त रहेंगे और खरीदारी के लिए पूरा दिन शुभ रहेगा। इस दिन त्रिपुष्कर योग बन रहा है, मान्यता है कि इस योग में किए गए कामों का 3 गुना फल मिलता है। 23 को पूरे दिन सर्वार्थसिद्धि योग रहेगा। इसलिए हर तरह की खरीदारी, निवेश और नई शुरुआत के लिए पूरे दिन शुभ मुहूर्त रहेंगे। इस तरह धनतेरस 22 और 23 दोनों दिन मनेगी। धनतेरस पर सोना-चांदी और बर्तन खरीदने की परंपरा भी है। इस दिन शाम को प्रदोष काल में भगवान धन्वंतरि के साथ कुबेर और लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। अकाल मृत्यु से बचने और अच्छी सेहत की कामना से घर के बाहर यमराज के लिए दक्षिण दिशा में एक बत्ती का दीपक जलाया जाता है।

#### सेहत सबसे बड़ा धन इसलिए धन्वंतरि की पूजा

आमतौर पर लोग धनतेरस को पैसों से जोड़कर देखते हैं लेकिन ये आरोग्य नाम के धन का पर्व है। पूरे साल अच्छी सेहत के लिए इस दिन आयुर्वेद के जनक धन्वंतरि की पूजा होती है। विष्णु पुराण में निरोगी काया को ही सबसे बड़ा धन माना गया है। सेहत ही ठीक न हो तो पैसों का सुख महसूस नहीं होता इसलिए धन्वंतरि पूजा की परंपरा शुरू हुई। पौराणिक कथा के मुताबिक, समुद्र मंथन के वक्त शरद पूर्णिमा को चंद्रमा, कार्तिक महीने की बारहवीं तिथि को कामधेनु गाय और अगले दिन यानी त्रयोदशी पर धन्वंतरि हाथ में सोने का कलश लेकर प्रकट हुए। जिसमें अमृत भरा हुआ था। उनके दूसरे हाथ में औषधियां थी और उन्होंने संसार को अमृत और आयुर्वेद का ज्ञान दिया। यही वजह है कि इस दिन आयुर्वेद के देवता धन्वंतरि की पूजा की जाती है। पुराणों में इन्हें भगवान विष्णु का अंशावतार भी माना गया है।

## जब यहां मीटिंग रखी तो भाजपा कार्यकर्ता नाराज हो गए कि इतनी दूर कौन जाएगा और कैसे जाएगा : मोदी

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को केदारनाथ और बद्री नाथ के दर्शन किए। केदारनाथ में वे गर्भगृह में करीब 20 मिनट तक पूजा करते रहे।

विशेष परिधान पहन रखा था, जो उन्हें हिमाचल की महिलाओं ने गिफ्ट किया था। इसे चोला-डोरा कहते हैं। पोशाक पर स्वास्तिक बना था। केदारनाथ में करीब 2 घंटे रुके और फिर बद्रीनाथ में करीब 30 मिनट। इसके बाद वे भारत-चीन सीमा पर पड़ने वाले आखिरी गांव माणा का दौरा किया। कहा- अब से हर सीमावर्ती गांव को आखिरी नहीं पहला गांव माना जाएगा। माणा से जुड़ी 25 साल पुरानी याद साझा की। कहा- जब यहां मीटिंग रखी तो भाजपा कार्यकर्ता नाराज हो गए कि इतनी दूर कौन जाएगा और कैसे जाएगा।

**आस्था घरों के विकास पर नफरत का भाव रहा :** मैंने लाल किले से कहा था- गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्त हों। इसकी जरूरत इसलिए पड़ी, क्योंकि हमारे देश को इस मानसिकता ने ऐसा जकड़ा है कि प्रगति का हर कार्य कुछ लोगों को अपराध की तरह लगता है। लंबे समय तक हमारे यहां आस्था घरों के विकास को लेकर नफरत का भाव रहा। विदेशों में ऐसे काम की तारीफ करते नहीं थकते थे। अपनी संस्कृति को लेकर उनमें हीन भावना, आस्था पर अविश्वास और विरासत से विद्वेश वजह थी।


**आस्था घरों को जर्जर स्थिति में ला दिया :** आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के निर्माण के वक्त क्या हुआ, सब जानते हैं। राम मंदिर के इतिहास से भी हम परिचित हैं। गुलामी की इस स्थिति ने हमारे आस्था घरों को जर्जर स्थिति में ला दिया था। सब कुछ तबाह करके रख दिया गया था। दशकों तक हमारे आध्यात्मिक केंद्रों की स्थिति ऐसी थी कि वहां की यात्रा सबसे कठिन यात्रा बन जाती थी। जहां जाना जीवन का सपना हो, लेकिन सरकारें ऐसी थीं कि अपने नागरिकों को वहां तक जाने की सुविधा देने की नहीं सोची। ये अन्याय था कि नहीं? आपका हां का जवाब आपका नहीं 130 करोड़ लोगों का है।



### ये दशक उत्तराखंड का दशक होगा

बाबा के सान्निध्य में उनके आदेश से उनकी कृपा से पिछली बार जब आया था तो कुछ शब्द निकले थे। वो मेरे नहीं थे। कैसे आए, क्यों आए, किसने दिए पता नहीं। यूं ही मुंह से निकल गया था कि ये दशक उत्तराखंड का दशक होगा। पक्का विश्वास है कि इन शब्दों पर बाबा, बद्री विशाल और मां गंगा के आशीर्वाद की शक्ति बनी रहेगी।

### मोदी सुबह 8.30 बजे केदारनाथ पहुंचे, खास पोशाक चोला-डोरा पहनी



पीएम सुबह 8 .30 बजे छठवीं बार केदारनाथ के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने हिमाचली टोपी और खास पोशाक चोला-डोरा पहनी थी। चंबा की महिलाओं ने यह पोशाक अपने हाथों से से बनाई और मोदी को गिफ्ट की थी। इस पर पीछे स्वास्तिक बना है। वे करीब दो घंटे यहां रुके। गर्भगृह में करीब 20 मिनट पूजा की। इसके बाद आदि शंकराचार्य की समाधि के दर्शन करने पहुंचे। 12 फीट ऊंची आदि शंकराचार्य की यह प्रतिमा 28 टन वजनी है। इसे मैसूर से चुने गए ग्रेनाइट पत्थरों से बनाया गया है।

## छोटे भाई की स्टैच्यू का होना था अनावरण, बड़े की शहादत का फोन आया

उदयपुरवाटी (झुंझुनूं)।



झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी के शहीद सैनिक जय सिंह की आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा सुबह 9.30 बजे गुढ़ागौड़जी से शहीद के पैतृक गांव दूड़ियां के लिए रवाना हुई थी। जय सिंह को फिजिकल ट्रेनिंग के दौरान बेंगलुरु में हार्ट अटैक आ गया था। उनकी अंतिम यात्रा में जिले भर से बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा शामिल हुए।

शहीद जय सिंह की पार्थिव देह जैसे उनके घर पहुंची तो चीख-पुकार मच गई। घर-गांव में मातम छा गया। एक साल से भी कम समय में परिवार के दोनों बेटों ने देश के लिए प्राण न्यौछावर कर दिए। दोनों शहीदों की पत्नियां सगी बहनें हैं। बेटे की पार्थिव देह अंतिम दर्शन के लिए पिता पहुंचे तो उनकी आंखों से आंसू नहीं रुक रहे थे। पत्नी सोनू का भी रो-रोकर बुरा हाल है। शहीद के साथ गांव पहुंचे सैकड़ों लोगों आंखें तब और भर आईं, जब शहीद की मासूम बेटी को पिता के अंतिम दर्शन के लिए लाया गया। पिता के गालों को आखिरी बार छूती बेटी को देखकर हर कोई सिहर गया। परिवार के अंतिम दर्शन के बाद अब शहीद के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है। गांव के ही श्मशान घाट पर शहीद का अंतिम संस्कार होगा। इससे पहले सुबह गुरुवार शाम छह बजे गुरुवार शाम 6 बजे पार्थिव शरीर जयपुर पहुंच गया था। जहां सड़क मार्ग से रात 10.30 बजे गुढ़ागौड़जी (झुंझुनूं) थाने लाया गया। शहीद को सम्मान देने के लिए जाट रेजिमेंट की टुकड़ी देर रात ही गुढ़ागौड़जी पहुंच चुकी थी।

### राजस्थान में दीवाली पर कोरोनाकाल जैसी गाइडलाइन

## भरतपुर-अलवर में पटाखों पर बैन, बाकी शहरों में सिर्फ 2 घंटे ही कर सकेंगे आतिशबाजी

जयपुर।

राजस्थान में दीपावली पर होने वाली आतिशबाजी को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी गई है। कोरोना के बाद सब कुछ अनलॉक तो हो गया, लेकिन पटाखों पर बंदिशें कोरोना वाली ही रहेंगी। यानी इस बार भी आतिशबाजी के लिए दो घंटे का ही समय मिलेगा। इतना ही नहीं अलवर और भरतपुर में पटाखों पर पूरी तरह से बैन रहेगा। गृह विभाग ने पटाखों को लेकर पिछले साल की गाइडलाइन को ही जारी रखने का फैसला किया है। इस बार भी इको फ्रेंडली ग्रीन पटाखे और ग्रीन आतिशबाजी की ही अनुमति होगी। ज्यादा शोर करनेवाले और प्रदूषण फैलाने वाले पटाखे नहीं चला सकेंगे। दिवाली पर रात 8 बजे से 10 बजे तक ही ग्रीन आतिशबाजी कर सकेंगे। रात 8 बजे से पहले और रात 10 बजे बाद किसी तरह की आतिशबाजी और पटाखे चलाने पर रोक रहेगी। प्रदेश के 31 जिलों में इस बार केवल ग्रीन पटाखे, ग्रीन आतिशबाजी बेचने के ही लाइसेंस दिए गए हैं। गृह विभाग ने सभी कलेक्टर और जयपुर-जोधपुर पुलिस कमिश्नर को पटाखों की गाइडलाइन के निर्देश भेज दिए हैं। सितंबर में ही कलेक्टर ने पटाखों की गाइडलाइन को लेकर गृह विभाग से गाइडेंस मांगा था। गृह विभाग ने पुरानी गाइडलाइन को ही स्थायी रूप से लागू रखने का फैसला किया है। इसके मुताबिक दीपावली पर 31 जिलों में केवल दो घंटे ग्रीन आतिशबाजी कर सकेंगे। गृह विभाग की गाइडलाइन के मुताबिक, जिन शहरों में प्रदूषण बहुत ज्यादा होगा और एयर क्वालिटी इंडेक्स पूअर कैटेगरी में होगा, वहां आतिशबाजी पर रोक रहेगी।

## अरुणाचल प्रदेश में मिलिट्री का हेलिकॉप्टर क्रैश : चार शव मिले



ईटानगर।

अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले में मिलिट्री हेलिकॉप्टर रुद्र शुक्रवार को क्रैश हो गया। हादसा टूटिंग हेडक्वार्टर से 25 किलोमीटर दूर सिंगिंग गांव के पास हुआ है। जहां ये हादसा हुआ है वो एरिया सड़क मार्ग से कनेक्टेड नहीं है। भारतीय सेना के मुताबिक दोपहर तक हेलिकॉप्टर क्रैश में मारे गए लोगों में से 4 के शव मिल गए थे। पांचवें की तलाश जारी है। रुद्र सेना का अटैक हेलिकॉप्टर है। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने भारतीय सेना के लिए बनाया है। यह हल्के ध्रुव हेलिकाप्टर का वेपन सिस्टम इंटीग्रेटेड एमके-5 संस्करण है।

5 अक्टूबर को तवांग में चीता हेलिकॉप्टर हुआ था क्रैश 5 अक्टूबर यानी दो हफ्ते पहले ही अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में आर्मी का एक चीता हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ था। हेलिकॉप्टर में दो पायलट सवार थे। हादसे के बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनमें से लेफ्टिनेंट कर्नल सौरभ यादव ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था।

### 12 अक्टूबर को गोवा में नौसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त

12 अक्टूबर को भारतीय नौसेना का मिग 29के लड़ाकू विमान क्रैश हो गया था। नौसेना ने इसकी जानकारी दी थी कि विमान के पायलट सुरक्षित थे और हादसा तकनीकी खराबी की वजह से हुआ था। नौसेना की तरफ से जारी बयान में बताया गया था कि गोवा से समुद्र के ऊपर नियमित उड़ान भर रहे स्श्वत्र 29य में वापसी के दौरान तकनीकी खराबी आ गई।

### फरवरी में भी सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ था

इससे पहले फरवरी में तेलंगाना के नलगोंडा जिले में सेना का एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। उस हादसे में दो पायलट शहीद हो गए थे। वहीं चीता और चेतक जैसे हल्के हेलीकॉप्टर, जिसे भारतीय सेना के जवान इस्तेमाल करते हैं, जो काफी पुराने हो चुके है। इनके स्थान पर दूसरे हाईटेक हेलीकॉप्टर को लाने की मांग लंबे समय से की जा रही है।

### प्रदेश में अगले 10 दिन मौसम साफ

जयपुर।

राजस्थान में अब रात में सर्दी के तेवर धीरे-धीरे बढ़ने लगे है। बीती रात 8 शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, दूसरी तरफ उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के कई शहरों में रात में सर्दी के बाद दिन में तेज धूप लोगों के लिए परेशानी बन रही है। मौसम केन्द्र जयपुर के मुताबिक अगले 10 दिन प्रदेश में मौसम साफ रहेगा, जो अब रबि की फसल की बुवाई के लिए सबसे अनूकूल समय रहेगा। जयपुर मौसम केन्द्र से मिली रिपोर्ट देखें तो बीती रात सबसे सर्द रात चित्तौड़गढ़ जिले में रही, जहां न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यहां रात में अब ठिठुरन बढ़ गई, लोग गर्म कपड़ों पहनने लगे है। मौसम का ये ही रूप शेखावाटी बेल्ट में भी बना हुआ है। यहां सीकर, चूरू पारा 15 डिग्री सेल्सियस तक आ गया है, जिससे यहां रातें ठंडी होने लगी है।

हालांकि इन शहरों में जितनी जल्दी रात ठंडी हो रही है, दिन उतनी ही तेजी से गर्म भी हो रहे है। यहां दिन में तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने लगा है। इसी तरह उदयपुर, करौली, भीलवाड़ा, बारां, अलवर में भी तापमान गिरकर 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है और यहां भी अब लोगों को ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरों में सर्दी का अहसास होने लग गया है।

## सम्पादकीय

# गिरावट की मुद्रा

भारतीय रुपया एक बार फिर डालर के मुकाबले गिर कर चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया। रुपया लगातार नीचे की तरफ रुख किए हुए है, इसलिए इसे लेकर अर्थव्यवस्था में सुधार की संभावनाएं धुंधली होने लगी हैं। जब भी किसी मुद्रा में लगातार गिरावट का रुख बना रहता है, तो वहां मंदी की संभावना प्रबल होने लगती है। एक डालर की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में तिरासी रुपए एक पैसा आंकी गई। हालांकि सरकार को उम्मीद है कि यह दौर जल्दी ही खत्म हो जाएगा और भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में पहुंच जाएगी। शायद इसी विश्वास के चलते वित्त मंत्री ने भी कह दिया कि रुपए की कीमत नहीं गिर रही, डालर मजबूत हो रहा है। रुपए की कमजोरी की बड़ी वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को बताया जा रहा है। मगर केवल इन्हीं दो स्थितियों को रुपए के कमजोर होने का कारण नहीं माना जा सकता। किसी भी मुद्रा में गिरावट तब आनी शुरू होती है जब घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सिकुड़न आने लगती है यानी खरीदारी कम होने लगती है। लोगों की क्रयशक्ति घटने लगती है और लोग निवेश को लेकर हाथ रोक देते हैं।

पूरी दुनिया में अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है। विकसित देशों में भी खुदरा और थोक महंगाई चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है। इसका असर यह हुआ है कि उत्पादन घट रहा है। भारत में भी औद्योगिक उत्पादन का रुख नीचे की तरफ बना हुआ है। घरेलू बाजार में ही खपत ठहर गई है।

विदेशी बाजारों में महंगाई बढ़ी होने की वजह से भारतीय वस्तुओं की पहुंच संतोषजनक नहीं हो पा रही। निर्यात के मामले में पहले ही लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाबी नहीं मिल पा रही थी, कोरोनाकाल के बाद स्थिति और खराब हुई है। निर्यात घटने से विदेशी मुद्रा भंडार में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो पाती। फिर जब रुपए की कीमत गिरती है, तो बाहर से मंगाई जाने वाली वस्तुओं पर अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। इस तरह विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार कमी आती जाती है। भारत डीजल और पेट्रोल के मामले में दूसरे देशों पर निर्भर है, इसलिए उसे अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। फिर घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतें संतुलित नहीं हो पा रही हैं और उसका असर न सिर्फ माल ढुलाई और परिवहन पर पड़ता है, बल्कि औद्योगिक उत्पादन में भी लागत बढ़ जाती है। इस तरह एक ऐसा चक्र बनता है, जिसे सुधारने के लिए बुनियादी स्तर से काम करना जरूरी होता है।

रुपए की गिरती कीमत और बढ़ती महंगाई का सीधा असर रोजगार सृजन पर पड़ता है। उत्पादन घटता है, तो औद्योगिक इकाइयों की कमाई भी घट जाती है, जिसके चलते उन्हें अपने खर्च में कटौती करनी पड़ती है। स्वाभाविक ही वे छंटनी का फैसला करती हैं। रिजर्व बैंक रेपो दर में बढ़ोतरी कर महंगाई पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है, मगर इसका भी औद्योगिक इकाइयों पर प्रतिकूल असर पड़ता है, क्योंकि उन्हें अपने कर्ज पर अधिक ब्याज चुकाना पड़ता है। अगर ये स्थितियां लगातार बनी रहती हैं, तो देश मंदी की तरफ बढ़ना शुरू कर देता है। इसलिए सरकार को ऐसी योजनाओं पर विचार करने की जरूरत है, जिससे रोजगार के अवसर पैदा हों और लोगों के हाथ में कुछ पैसा आना शुरू हो। उन क्षेत्रों की तरफ ध्यान देना चाहिए, जिनमें छोटे स्तर के रोजगार की संभावनाएं अधिक हैं।

# मंदी की आशंकाओं के बीच

**आर्थिक क्षेत्र से जुड़े दुनिया के शीर्ष संगठनों के पदाधिकारियों का डर बेबुनियाद नहीं हो सकता। दुनिया भर में केंद्रीय बैंक अपनी ब्याज दरें बढ़ाने लगे हैं। बड़े-बड़े प्रतिष्ठानों ने अपने उत्पादनों को सीमित कर दिया है। बाजार में खरीदारों का उत्साह मंद पड़ गया है। डालर के मुकाबले दुनिया भर की मुद्राएं हांफने लगी हैं। अमेरिका, चीन और यूरो मुद्रा वाले देशों को दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक ताकतों में गिना जाता है और इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक मंदी के आसार लगातार प्रबल होते जा रहे हैं। केवल रुपए की कीमतों पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ रहा, पौंड, यूरो, युआन, येन भी थरथराते से दिखने लगे हैं। जो देश खाद्य पदार्थों और तेल का आयात करने पर विवश हैं, उनकी हालत भी मंदी की संभावनाओं को देखते हुए पतली होने लगी है। दरअसल, लोगों की क्रयशक्ति अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा संबल होती है।**

**जब** आर्थिक मंदी बढ़ती है तो उपलब्ध मुद्रा का बाजार मूल्य लगातार कम होने लगता है, जबकि बाजार में उत्पाद और सेवाओं के दाम बढ़ने लगते हैं। बड़ी कंपनियां भी ऐसी स्थिति में अपने कर्मचारियों की संख्या में कमी करने पर विवश हो जाती हैं। यानी महंगाई के साथ बेरोजगारी भी बढ़ने लगती है।दुनिया एक बार फिर आर्थिक मंदी का सामना कर सकती है। विश्व बैंक के समूह अध्यक्ष डेविड मालपास ने कहा है कि 'अर्थव्यवस्था के मामले में वैश्विक उन्नति की रफ्तार कम हो रही है। अगर ऐसा ही रहा तो अधिकांश देशों को आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ेगा। इसके दूरगामी प्रतिकूल परिणाम होंगे, जिसका सबसे बुरा असर विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा।' विश्व व्यापार संगठन की मुखिया नगोजी ओकोंजो आइवियेला ने भी कहा है कि दुनिया तेजी से आर्थिक मंदी की ओर सरक रही है। खुली अर्थव्यवस्था ने इसीलिए उपभोक्तावाद को जम कर प्रोत्साहित किया है। लोगों में अपने सामर्थ्य से बढ़ कर चीजों को खरीदने की प्रवृत्ति बढ़ी है, क्योंकि आसान किश्तों पर महंगी चीजें दिलाने के लिए बाजार में आसान ऋण की सुविधा उपलब्ध है। मगर जब मंदी की आहट सुनाई देने लगती है तो ज्यादा से ज्यादा निवेश आकर्षित करने के लिए केंद्रीय बैंक अपनी ब्याज दरों को बढ़ा देते हैं। इससे ऋण महंगे होते हैं। उपभोक्ता पर किश्तों का भार बढ़ता है। बढ़ी हुई किश्तें जेब की सामर्थ्य को चुनौती देती प्रतीत होती हैं। यही कारण है कि यूरोप के कई देशों में खरीदारी के प्रति लोगों का उत्साह उदासीनता में बदल गया है। अमेरिका इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। वहां महंगाई लगातार बढ़ रही है और लोगों की तनख्वाह में उसके अनुसार बढ़ोतरी नहीं हुई है। परिणाम यह हुआ कि लोगों ने महंगे उत्पाद खरीदने के बजाय अपने धन की बचत पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। इससे स्थिति और बिगड़ी है, क्योंकि सहजता से बाजार में प्रवाहित होने वाला पैसा अब खामोशी से कहीं ठहरने लगा है। ब्याज दरें बढ़ने से व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

जब बाजार में कच्चे माल की कीमतें बढ़ती हैं, तो उत्पाद की कीमतों पर असर पड़ता है, उधर ढांचागत विकास के लिए लिए गए ऋण पर बढ़ी ब्याज दरों का भुगतान भी अंततः करना तो उपभोक्ताओं को ही होता है। ऐसे में सारे यूरोप और अमेरिका में दाम आसमान पर चढ़ रहे हैं। ब्रिटेन सरकार ने हालात से निबटने के लिए करों की दरों में व्यापक कटौती करके जनता को राहत देने की घोषणा की है, लेकिन वह इससे होने वाले राजकोषीय घाटे की भरपाई का कोई तरीका अभी तक नहीं सोच सकी है। इस तरह सरकारी खजाने पर पड़ने वाला बुरा असर कल्याणकारी योजनाओं या विकास कार्यों पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। जब भी दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में सकल घरेलू उत्पाद की दर लगातार घटने लगती है, तो उस स्थिति को तकनीकी तौर पर आर्थिक मंदी कहा जाता है। यानी जब किसी देश की अर्थव्यवस्था बढ़ने के बजाय नीचे की ओर गतिशील होने लगे तो इसे आर्थिक मंदी का सूचक माना जाता है। जब आर्थिक मंदी बढ़ती है तो उपलब्ध मुद्रा का बाजार मूल्य लगातार कम होने लगता है, जबकि बाजार में उत्पाद और



सेवाओं के दाम बढ़ने लगते हैं। बड़ी कंपनियां भी ऐसी स्थिति में अपने कर्मचारियों की संख्या में कमी करने पर विवश हो जाती हैं। यानी महंगाई के साथ बेरोजगारी भी बढ़ने लगती है। अनिश्चय की स्थिति निवेश और शेयर बाजार को भी प्रभावित करती है। आजादी के बाद भारत सन 1958, 1966, 1973 और 1980 में आर्थिक मंदी का सामना कर चुका है। सन 1957-58 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर न केवल कम हुई थी, बल्कि ऋणात्मक 1.2 हो गई थी। इसका कारण अप्रत्याशित रूप से बढ़े हुए आयात को माना गया। फिर 1965-66 में भयानक सूखा पड़ा, तो उसने भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी। 1973 में अरब देशों के तेल उत्पादक संघ 'ओपेक' ने जब उन देशों को तेल का निर्यात करने से इनकार कर दिया था, जो योम किप्पूर युद्ध में इजराइल का साथ दे रहे थे, तो इसकी मार भारत पर भी पड़ी। उस समय तेल की कीमतें चार सौ प्रतिशत तक बढ़ गईं। जीवन सचमुच बहुत मुश्किल हो गया, क्योंकि तेल की कीमतें इतनी बढ़ने का मतलब है महंगाई का बेतहाशा बढ़ना। महंगाई ने आम लोगों और अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ दी। 1980 में भी मध्य-पूर्व में बिगड़ी राजनीतिक और सामाजिक परिस्थियों के कारण दुनिया में तेल की कीमतें बढ़ीं और भारत के निर्यात में आठ फीसद तक की गिरावट दर्ज की गई। नतीजतन, सकल उत्पाद दर फिर ऋणात्मक हो गई। सन 2020 में तो कोरोना के कारण सारी दुनिया में ही व्यापार कंपकंपाने लगा था और अर्थव्यवस्था लड़खड़ाने लगी थी। मगर आर्थिक मंदी का सबसे बुरा दौर दुनिया ने सन 1929 में देखा था। तब दुनिया के अधिकांश देशों में उत्पादन घट गया था, रोजगार के अवसरों में कमी आ गई थी, व्यापार तहस-नहस हो गया था। बड़ी संख्या में लोग गरीबी और भुखमरी का शिकार हुए थे। बड़े-बड़े उद्योगपति कर्ज में डूब गए थे। दरअसल, प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान जापान और अमेरिका में बड़े बड़े कारखाने खोले गए थे। उनमें उत्पादन होता रहा, जबकि युद्ध के बाद बाजार में उन उत्पादों की मांग कम हो गई। मांग से अधिक माल की उपलब्धता ने आर्थिक दिक्कतें पैदा कर दीं, क्योंकि तब उत्पादित वस्तुओं को बहुत सस्ता बेचना पड़ा। इस नुकसान की भरपाई करने के लिए उत्पादन को और बढ़ाया गया तो हालात और विकट हो गए। यही हाल कृषि क्षेत्र में भी हुआ। उधर युद्ध की अवधि में लिए गए कर्ज ने भी कई देशों की रीढ़ की हड्डी पर प्रहार किया। आमतौर पर भारतीय समाज आर्थिक मंदी से कम प्रभावित होता है।

## व्यापार समाचार

# सेंसेक्स 104 अंक बढ़कर 59307 पर बंद

मुंबई।

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 104.25 अंक चढ़कर बंद हुआ। कारोबार में उतार-चढ़ाव के बीच वैश्विक बाजारों में गिरावट के बावजूद कंपनियों के बेहतर वित्तीय परिणाम और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की कई सत्रों के बाद बृहस्पतिवार को लिवाली से बाजार में तेजी आई। दोपहर के कारोबार में तेज बिकवाली के बाद लिवाली से तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 104.25 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,307.15 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 12.35 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,576.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 8.96 प्रतिशत उछला।

बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि फंसे कर्ज के एवज में किये गये प्रावधान में उल्लेखनीय कमी और मार्जिन बढ़ने से चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 66.29 प्रतिशत उछलकर 5,625.25 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान



यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, नेस्ले, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ,बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, एशियन पेंट्स, आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर नुकसान में बंद हुए। इनमें 3.20 प्रतिशत तक की गिरावट आई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "सख्त मौद्रिक नीति की आशंकाओं के कारण यूरोपीय बाजारों की कमजोर शुरुआत की वजह से दोपहर बाद कारोबार में बिकवाली हुई। घरेलू निवेशकों ने सावधानी बरती और अगले सप्ताह के दौरान कम कारोबार की संभावना के चलते मुनाफावसूली की।" उन्होंने कहा, "बैंकों, आईटी और दैनिक उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में दूसरी तिमाही के बेहतर परिणामों से अच्छी शुरुआत ने बाजार में स्थिरता प्रदान की लेकिन मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक प्रभावित हुए।" साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,387.18 अंक यानी 2.39 प्रतिशत तथा निफ्टी में 390.60 अंक यानी 2.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के अनुसंधान उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, "वैश्विक बाजारों में मिश्रित रुख के बीच घरेलू बाजार में मजबूती दिखाई है। हालांकि कारोबार काफी हद तक चुनिंदा क्षेत्रों और शेयरों तक ही सीमित है। इसके अलावा, वैश्विक मोर्चे पर अस्थिरता भी बाजार में बढ़त को सिमित कर रही है।" वहीं, बीएसई का 'मिडकैप' 0.75 प्रतिशत और 'स्मॉलकैप' सूचकांक 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक लाभ में बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा।

अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट बृहस्पतिवार को गिरावट में बंद हुआ। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.02 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध खरीददार रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 1,864.79 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर ख़रीदे। हिंदू संवत वर्ष 2079 की शुरुआत के पहले दिन दीपावली पर सोमवार को प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में एक घंटे का विशेष कारोबारी सत्र 'मुहूर्त ट्रेडिंग' होगा। दोनों शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्रों में बताया कि यह सांकेतिक कारोबारी सत्र शाम को सवा छह बजे से सवा सात बजे के बीच होगा। ऐसी मान्यता है कि 'मुहूर्त' के दौरान लेन-देन करना शुभ होता है और यह वित्तीय समृद्धि लाता है।

# अगले कदम के लिए सीसीआई के फैसले की समीक्षा करेंगे : गूगल

नई दिल्ली।

गुगल ने शुक्रवार को कहा कि वह गैर-प्रतिस्पर्धी गतिविधियों के लिये 1,338 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाये जाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश की समीक्षा करेगी। कंपनी ने सीसीआई के फैसले को भारतीय ग्राहकों के लिये एक बड़ा झटका बताया। सीसीआई के आदेश के बाद अपनी पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया में गूगल ने कहा कि एंड्रायड ने सभी के लिए अधिक विकल्प बनाए हैं और यह ऐप भारत तथा दुनिया भर में हजारों सफल व्यवसायों का समर्थन करता है। गूगल के प्रवक्ता ने एक ईमेल बयान में कहा, सीसीआई का फैसला भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए एक बड़ा झटका है, जिससे एंड्रायड की सुरक्षा सुविधाओं पर भरोसा करने वाले भारतीयों के लिए एक गंभीर सुरक्षा जोखिम पैदा होगा और भारतीयों के लिए मोबाइल उपकरणों की लागत बढ़ेगी। गूगल ने कहा, वह अगले कदम का मूल्यांकन करने के लिए इस फैसले की समीक्षा करेगा। सीसीआई ने गूगल पर 1,337.76 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। एंड्रॉयड मोबाइल उपकरण क्षेत्र में कई बाजार में अपनी मजबूत स्थिति का दुरुपयोग करने को लेकर यह




कार्रवाई की गई। इसके अलावा, सीसीआई ने गूगल को अनुचित कारोबारी गतिविधियों को बंद करने का निर्देश भी दिया है। आयोग ने बृहस्पतिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि गूगल को एक निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने कामकाज के तरीके को संशोधित करने का निर्देश भी दिया गया है। सीसीआई ने अप्रैल 2019 में देश में एंड्रॉयड आधारित स्मार्टफोन के उपभोक्ताओं की शिकायतों के बाद मामले की विस्तृत जांच का आदेश दिया था। एंड्रॉयड दरअसल स्मार्टफोन और टैबलेट के मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) द्वारा स्थापित एक ओपन-सोर्स, मोबाइल ऑपरेटिंग प्रणाली है। अनुचित व्यावसायिक प्रथाओं के आरोप मोबाइल एप्लिकेशन डिस्ट्रीब्यूशन एग्रीमेंट (एमएडीए) और एंटी फ्रैगमेंटेशन एग्रीमेंट (एएफए) जैसे दो समझौतों से संबंधित हैं।

# अक्टूबर के पहले हफ्ते 18% बढ़ी लोन डिमांड

मुंबई।

त्योहारों में जोरदार डिमांड का असर बैंकिंग सेक्टर पर नजर आ रहा है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 7 अक्टूबर तक बैंकों से 128.6 लाख करोड़ रुपए के लोन उठाए गए। यह बीते साल अक्टूबर के पहले हफ्ते तक उठाए गए लोन से करीब 18% ज्यादा है। बैंकों से लोन उठाने की रफ्तार सिर्फ सालाना आधार पर नहीं बढ़ी है। मसलन, 23 सितंबर तक बैंकों से कुल 126.29 लाख करोड़ रुपए के लोन उठाए गए थे। इस हिसाब से 7 अक्टूबर को खत्म पखवाड़े में भी बैंक क्रेडिट 2.31 लाख करोड़ रुपए बढ़ा, जो 1.82% ग्रोथ दर्शाता है। सालाना आधार पर इस मामले में भी 16.4% ग्रोथ देखी गई। बैंकिंग एक्सपर्ट सुलोचना देसाई ने कहा कि त्योहारों में रिटेल सेगमेंट से लोन की मांग बढ़ी है। इसके अलावा दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) खत्म होने से पहले कॉरपोरेट्स ने भी ज्यादा लोन उठाए। अक्टूबर के पहले हफ्ते में 18% क्रेडिट ग्रोथ के



मुकाबले डिपॉजिट ग्रोथ सिर्फ 9.62% रही। मतलब लोन की डिमांड ज्यादा है। 7 अक्टूबर को खत्म पखवाड़े में बैंकों में 2.41 लाख करोड़ रुपए जमा कराए गए और कुल डिपॉजिट 172.72 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। रेटिंग एजेंसी केयरएज के विश्लेषकों का कहना है कि आगामी कुछ हफ्ते बैंकों की क्रेडिट ग्रोथ शानदार रहने की संभावना है। त्योहारों के चलते कुछ समय के लिए देश में लोन की मांग 18% से भी ज्यादा बढ़ सकती है पर महंगाई बढ़ती रही तो ये रफ्तार सुस्त भी पड़ सकती है।

# व्यवसायी मप्र में करें निवेश, अब बुलडोजर से खौफ खाते हैं असामाजिक तत्व : शिवराज सिंह चौहान

पुणे।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उद्योगों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए शुक्रवार को कहा कि मध्य प्रदेश में उन्हें असामाजिक तत्वों से किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा क्योंकि वे प्रदेश सरकार की बुलडोजर के जरिए की जाने वाली कार्रवाई से खौफ खाते हैं। उद्योग मंडल सीआईआई और मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश में निवेश अवसरों पर यहां एक सत्र का आयोजन किया जिसमें चौहान ने कहा कि उनके राज्य में कारोबार के लिहाज से सबसे अनुकूल माहौल है। चौहान ने कहा, "जब मैं पहली बार मुख्यमंत्री बना था तब चंबल में डाकू होते थे और मुंबई में उन पर फिल्में बनती थीं। मैंने



मुंबईवालों का काम छीन लिया क्योंकि डाकुओं का या तो सफाया कर दिया गया या उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया या वे जेल में बंद हैं।" उन्होंने आगे कहा, "मैंने कहा कि मध्य प्रदेश में या तो डाकू रह सकते हैं या फिर शिवराज सिंह चौहान, एक वक्त में दोनों नहीं रह सकते...बस मुद्दा हल हो गया।" उन्होंने कहा कि नक्सलवाद और सिमी के नेटवर्क को भी राज्य से खत्म कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा, "अब कोई गुंडागर्दी नहीं है। अगर कोई गुंडागर्दी या दबंगई करता है तो मामा का बुलडोजर सीधा पहुंच जाता है। तो अब ऐसा कोई डर नहीं है कि कोई आपको (व्यवसायियों को) परेशान करेगा।" उन्होंने उद्योगों से राज्य में निवेश करने का अनुरोध करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में कारोबारियों के लिए सबसे अनुकूल माहौल है। राज्य में व्यवसायों के लिए बुहतायत में सस्ती भूमि है और कुशल मानव संसाधन भी हैं, यहां उद्योगों को सस्ती बिजली दी जाती है। चौहान ने कहा कि उनकी नीतियां निवेशकों के हित में है और वह खुद हर सोमवार को निवेशकों से मुलाकात करते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज पूरे दिन आपको शारीरिक और मानसिक थकान का अनुभव होगा। परिश्रम की अपेक्षा सफलता कम होने से आपको निराशा होगी। कहीं घूमने की योजना टालना हितकर है। पेट संबंधी तकलीफें खड़ी होंगी।

### वृषभ
आज आप सभी काम दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा कर सकेंगे। पिता से लाभ हो सकता है। विद्यार्थी विद्याध्ययन में सफल होंगे। कलाकार और खिलाड़ी अपनी कुशलता अच्छी तरह प्रदर्शित कर सकेंगे।

### मिथुन
आज का दिन अच्छा होने से आप नई योजनाएं शुरु कर सकेंगे। व्यावसायिक सरकारी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। नौकरी पेशा लोग उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि पा सकेंगे। भाइयों और पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रहेंगे।

### कर्क
आपको शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता महसूस होगी। नेगेटिव विचारों के कारण मानसिक चिंता होगी। किसी के साथ मतभेद हो सकता है। विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई में नहीं लगेगा। खर्च अधिक होगा।

### सिंह
आत्मविश्वास और निर्णयशक्ति में वृद्धि होने के कारण आप त्वरित निर्णय ले सकेंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। बुजुर्गों से आपको सहयोग मिलेगा। गुस्से के कारण आपका काम न बिगड़े इसका ध्यान रखें।

### कन्या
आप शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान रहेंगे। आपको छोटी बड़ी तकलीफें रहेंगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद हो सकता है। गुस्से और इगो के कारण आपका मनमुटाव हो सकता है।

### तुला
आज आप अलग-अलग क्षेत्र से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उसके कारण आपको शारीरिक मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा। आज आप दिन में मित्रों के साथ मिलकर किसी रमणीय स्थल की सैर करने का आयोजन कर सकेंगे।

### वृश्चिक
आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। आपका वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। आप समाज में सम्माननीय बनेंगे। नौकरी तथा व्यवसाय में पदोन्नति का योग है।

### धनु
आपको बुजुर्गों तथा अधिकारियों की तरफ से लाभ हो सकता है। व्यापारी उधार दिए हुए पैसे वापस प्राप्त कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी और शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मित्रों और सगे-संबंधियों से लाभ हो सकेगा।

### मकर
आज आपको शारीरिक अस्वस्थता और थकान का अनुभव होगा। मानसिक रूप से भी बेचैनी का अनुभव होगा। कहीं जाने की योजना को टालना हितकर होगा। आपको ऐसा लगेगा कि भाग्य आपका साथ नहीं दे रहा है।

### कुंभ
आज खान-पान पर ध्यान दें, अन्यथा स्वास्थ्य खराब होने की पूरी आशंका है। उपचार, प्रवास या व्यावहारिक प्रसंगों में पैसे खर्च होंगे। कठिनाइयों से बाहर आना हो तो नकारात्मक विचारों तथा उग्र विचार पर अंकुश रखें।

### मीन
आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, इस कारण कार्य सफलता में सरलता होगी। स्वभाव में बिंदासपन आपको मन से ताजा रखेगा। नए लोगों के साथ परिचय या रोमांस की संभावना बढ़ सकती है। पर्यटन होगा।

# खेत पर सो रहे परिवार पर हरियाणा से आए 30-40 बदमाशों ने की फायरिंग

## एक महिला के सीने में लगी गोली, आधा दर्जन घायल, अजमेर रैफर, 20 करोड़ की जमीन से जुड़ा है मामला

जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** शुक्रवार तड़के 6.30 बजे जिले के पीलवा थानांतर्गत पीह-रघुनाथपुरा क्षेत्र के एक खेत में सो रहे परिवार पर अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग कर दी। एक महिला के सीने में गोली लगी तथा आधा दर्जन अन्य लोग घायल हो गए। सभी बदमाश हरियाणा के बताए जा रहे हैं। घायलों का अजमेर के जेएलएन चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। मामला जमीनी विवाद से जुड़ा है। गोली लगने के कारण महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एसपी गणेशाराम चौधरी, सीओ रविराज सिंह मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। फिलहाल पुलिस ने परिवार की सुरक्षा के लिए घटनास्थल पर दो पुलिसकर्मी तैनात किए हैं। पीड़ित विजेंद्र ने बताया कि पीह-रघुनाथपुरा क्षेत्र में स्थित खेत में परिवार वाले सुबह उठे ही थे। तभी गाड़ियों में सवार 30-40 बदमाश हथियारों से लैस होकर आए तथा ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों ने परिवार के सदस्यों को लाठी-सरियों से भी पीटा। जान बचाने के लिए परिवार कमरे में घुसने लगा तो बदमाशों ने एक छोटे बच्चे विजय की कनपटी पर पिस्तौल तान दी तथा बाहर निकलने के लिए कहा। जैसे ही उनकी माँ कृष्णा (55) बाहर निकली तो बदमाशों ने उसके सीने पर गोली मार दी। जिससे वह अचेत होकर गिर पड़ी। बदमाशों ने परिजनों के साथ मारपीट कर सीसीटीवी कैमरों, एलईडी टीवी को तोड़ दिया तथा करीब 10 लाख की नकदी एवं जेवरात भी चुराकर ले गए। घटना के बाद परिवार के कृष्णा, राजसिंह मलिक, सतवीर सिंह मलिक, विजेंद्र, सूरजभान, पूजा, सुनीता, आकृति, रश्मि, सूर्यांश एवं विजय को अजमेर ले गए। खेत की 82 बीघा जमीन की कीमत करीब 20 करोड़ आंकी जा रही है।





**जमीन हड़पना चाहते हैं आरोपी :** घायल विजेंद्र ने बताया कि उसके खेत के पड़ोसी रोहितांश, राजेंद्र राहुल, विजयपाल एवं अन्य व्यक्ति द्वारा उनके जमीन हड़पने के लिए यह हमला कराया गया है।

**पुलिस से परिवार ने मांगी थी सुरक्षा :** हमले की आशंका को देखते हुए पीड़ित परिवार ने पीलवा थाना पुलिस एवं नागौर एसपी के समक्ष पेश होकर जान माल की सुरक्षा मांगी थी। पीड़ित परिवार ने जान को खतरा होने की आशंका पहले ही जता दी थी। मगर पुलिस से कोई सहायता नही मिली।

**क्षेत्र में बढ़ रहा क्राइम :** पीह-रघुनाथपुरा क्षेत्र में क्राइम बढ़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक नशे का कारोबार भी फल-फूल रहा हैं। आपराधिक वारदातें बढ़ रही हैं। अपराधियों की शरण स्थली बन रहे इस क्षेत्र में वैकल्पिक पुलिस चौकी को स्थापित किया जाना जरूरी है।

**पुलिस चौकी की कागजों में मिली स्वीकृति :** पीह क्षेत्र में बढ़ रहे क्राइम को देखते हुए यहां सरकार ने कागजों में पुलिस चौकी खोलने की स्वीकृति दी हैं। मगर आज तक न तो पुलिस चौकी की बिल्डिंग तैयार हुई है और ना ही कोई पुलिसकर्मी तैनात हुए हैं।

### इनका कहना हैं

'पूरे मामले की पुलिस तहकीकात कर रही है। मामला जमीनी विवाद का है। दोनों पक्ष हरियाणा के रहने वाले हैं। पुलिस जल्दी ही हमलावरों को गिरफ्तार करेगी।'

**रविराज सिंह, सीओ मकराना**

### सुरक्षा मांगने की नहीं है जानकारी

'पीड़ित परिवार द्वारा सुरक्षा मांगने की जानकारी नहीं है। पूर्व में हुए झगड़े में पीड़ित परिवार का चालान हुआ था। क्रॉस केस दर्ज करवाने के लिए एसपी के पास पेश हुए थे। बदमाशों की तलाश में टीमें भेजी गई है। जल्दी ही आरोपी पकड़े जाएंगे।'

**गणेशाराम चौधरी, एडिशनल एसपी डीडवाना**

# सावित्री देवी गजानन्द स्वामी दम्पति का किया सम्मान



## संस्कार संवर्द्धन व भ्रूण हत्या रोकने के लिए रहते हैं तत्पर

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के शिष्टमंडल ने नरायणा प्रवास के दौरान विभिन्न सामाजिक प्रकल्पों के साथ भ्रूण हत्या रोकने एवं संस्कार संवर्द्धन के लिए सार्थक प्रयास करने के लिये सावित्री देवी-गजानन्द स्वामी का दुपट्टा पहना कर एवं गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति का फ़ोल्डर देकर सम्मानित किया और साथ ही सद् संस्कार समिति के अध्यक्ष योगी रमणनाथ द्वारा लिखित पुस्तक 'संस्कार सुरभि' भेंट की। समाज सेवीका सावित्री देवी स्वामी कई बार पंचायत समिति सदस्य, नरायणा सरपंच, पंचायत समिति की विभिन्न समितियों में सदस्य रही है और वर्तमान में पार्षद नगर पालिका है। उन्होंने कहा कि हमें समाज की प्रतिगामी रूढ़ियों से निकलकर प्रगति शील समाज के सामने खड़ा होना है,तो हमे सख्त अनुशासन, सुदृढ़ चरित्र और परिश्रमी होना होगा।

हमारे लक्ष्य स्पष्ट ओर मन भी संयमित.. होने से विकास को गति मिलेगी। गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के महासचिव श्याम सुन्दर मंत्री ने कहा कि चेहरे की सुंदरता से व्यवहार कि सुन्दरता ज्यादा आत्मीय होती है। हमें भ्रूण हत्या रोकने के साथ साथ नई पीढ़ी को हमारी संस्कृति की वैज्ञानिकता भी बतानी होगी। कुचामन इकाई के अध्यक्ष श्यामसुंदर सैनी ने स्वामी दम्पति का सेवा के कार्यों के प्रति लगाव को अनुकरणीय बताया तथा ब्रह्मलीन स्वामी रामसुखदास महाराज की प्रेरणा से स्थापित संस्था के बारे में विस्तार से बताया।

# पुनिया के जन्मदिन पर नावां विधानसभा में 11 सौ बेटियों के सुकन्या खाते खोलेंगे भाजपाई

## भाजपा नेता ज्ञानाराम रणवां ने जिलिया में की शुरूआत

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पुनिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर राजस्थान प्रदेश के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नारी शक्ति को सशक्त करने के लिए चलाई गई महत्वाकांक्षी सुकन्या समृद्धि योजना के तहत एक लाख खाते खोलने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत सम्पूर्ण नागौर जिले में प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी ने नेतृत्व में 11 हजार सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोलने का लक्ष्य रखा गया है। नावां विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 1100 खाते खोलने का लक्ष्य लिया है, जिसकी शुरुआत भाजपा नेता ज्ञानाराम रणवां ने अपनी निजी आय से आज ग्राम पंचायत जिलिया में 21 कन्याओं के खाते खोलकर शुभारंभ किया है।




रणवां ने बताया कि 200 खाते निजी आय से खोले जाएंगे व अन्य खाते कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के सहयोग से खुलवाए जाएंगे। रणवां ने बताया कि भाजपा देशसेवा और देशप्रेम में विश्वास रखती है। इसके चलते पार्टी के पदाधिकरी सेवा भावना से अपना जन्मदिन सादगीपूर्ण सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएंगे।

**बीमार गौवंश मरीजों की सेवा कर मनाएंगे पखवाड़ा :** इस पखवाड़े के दौरान कार्यकर्ता गौवंश को चारा पानी व बीमार गोवंश का उपचार करवाने के साथ ही मरीजों की सेवा, गरीबों को कपड़े व मिठाई वितरण के साथ मनाया जाएगा। भाजपा के जिला महामंत्री रामकिशन खीचड़ ने कहा कि पार्टी के सेवा अभियान के तहत चल रहे कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता अपनी भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि नावां विधानसभा में पार्टी मजबूत है और सभी एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजाराम प्रजापति, गोविंदराम शेषमा, मदनलाल कुलड़िया, सुरेंद्र सिंह दीपपुरा सहित अन्य उपस्तिथ रहे।

## दीपावली से पहले सरकार ने किया आदेश जारी

### डॉ. धीरज कुमार सिंह होंगे खींवसर के नए एसडीएम

हुक्माराम ताडा

**खींवसर( नागौर डेली न्यूज ) :** राज्य सरकार ने आदेश जारी करते हुए खींवसर उपखंड अधिकारी के पद पर डॉ धीरज कुमार सिंह को लगाया गया है। अब खींवसर एसडीएम के पद पर डॉ धीरज कुमार सिंह होंगे। आपको बता दें कि खींवसर उपखंड अधिकारी का पिछले काफी समय से रिक्त पद चल रहा था। एसडीएम जीतू कुलहरी के तबादला के बाद रिक्त पद चल रहा था। रिक्त पद के चलते जिला कलक्टर पीयूष सामरिया ने व्यवस्था के लिए हनुमान चौधरी को एसडीएम के पद पर लगाया गया था।

# प्रदेशाध्यक्ष पुनियां के जन्मदिवस को लेकर सरपंच दादरवाल ने खुलवाएं खाते



## डायरी व जामुन के पौधों का भी किया वितरण

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पुनियां के जन्मदिन के उपलक्ष में सुकन्या समृद्धि योजना को बढ़ावा देने के लिए खारिया सरपंच देवीलाल दादरवाल ने सुकन्या समृद्धि योजना में पात्र 51 कन्याओं का खाता खुलवाकर शुक्रवार को मॉडर्न महिला महाविद्यालय में डायरी वितरण व एक एक जामुन का पौधा वितरण किया गया। सरपंच खारिया देवीलाल दादरवाल ने बताया कि आगामी 24 अक्टूम्बर को राजस्थान के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पुनियां अपने जन्मदिन पर बालिकाओं के भविष्य को निखारने के साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रदेशभर में एक लाख बालिकाओं के खाते खुलवाएं जाने का लक्ष्य रखा गया हैं, जिसके तत्वावधान में 51 खाते खुलवाऐ गए हैं। इस दौरान सरपंच खारिया देवीलाल दादरवाल ने बताया कि सम्पूर्ण नागौर जिले में नावां विधानसभा में सुकन्या समृद्धि योजना में बेहतरीन कार्य किया जा रहा हैं जो कि आगामी दिनों में एक विशाल रूप में कार्य किया जा रहा हैं। इस अवसर पर रामनिवास, मूलचंद, भंवरलाल, रतनलाल, मनोज कुमार, कमलेश कुमार, मदनलाल, पंकज शर्मा, प्रकाश चंद गुर्जर सहित कई मौजूद थे।

# नोबल स्कूल में मनाया दीपोत्सव, दीपक सजावट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नोबल सीनियर सैकण्डरी स्कूल कुचामनसिटी के छात्र-छात्राओं ने बड़े हर्षोल्लास व जोश के साथ शुक्रवार को दीपोत्सव मनाया। इस दौरान दीपक व कक्षा सजावट में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ कर भाग लिया।

इस अवसर पर शाला के निदेशक दलपतसिंह रूणिजा ने बताया कि दीपोत्सव व दीपावली के त्यौहार के माध्यम से हमारे जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ मिलजूल कर त्यौहार मनाना चाहिए और मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम से हमें सीखना चाहिए कि व्यक्ति को संघर्ष से घबराना नहीं चाहिए बल्कि संघर्ष करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। संस्था प्रधान सतवन्त सिंह चैधरी ने बताया की आधुनिक भागदौड व भौतिकवाद में व्यक्ति त्यौहार के महत्व को नहीं समझ पा रहा है। व्यक्ति केवल अपने परिवार हम दो, हमारे दो तक सीमित रहना पसन्द करता है इससे हमारी भावी पीढ़ी खराब व संस्कारहीन होती जा रही है। आपसी भाई-भाई में वैमनस्य है जबकि आपसी भाई चारा और प्रेम में कमी को त्यौहारों के माध्यमों से दूर किया जा सकता है। दीपावली का त्यौहार को बुजूर्गो के साथ सभी भाईयों को परिवार के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर संस्था उपप्रधानाचार्य कमलकिशोर शर्मा ने बताया कि दीपक सजावट में सुहाना पुत्री महबूब मुगल ने प्रथम प्रियांशी पुत्री अशोक कुमार द्वितीय तथा रूतांशी शर्मा/मनीष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर नरेन्द्रसिंह शेखावत, विजय कुमार पाण्डेय, नरेन्द्रसिंह चौहान, सुरेन्द्र सारस्वत, कैलाश वर्मा, अमरीशशाही, पदमाराम चौधरी, गजानंद शर्मा, ओमप्रकाश जादू, अमित भारद्वाज, एम.एल शर्मा, मयंक अग्रवाल, रणवीर सिंह, विनोदसिंह, मोसिम, वजिया उस्मानी, श्रीमति ममता वर्मा, प्रियंका सोलंकी के अलावा स्टॉफ मौजूद रहा।



# ज्ञान सागर विद्या पब्लिक स्कूल में दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर की ज्ञान सागर विद्या पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के निदेशक मोहित सेठी ने बताया कि बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए ड्रेस कंपटीशन तथा नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने राम, रावण, लक्ष्मण, सीता, हनुमान जी के रूप में बहुत ही सुंदर लग रहे थे। मोनिका सेठी ने बताया की बच्चों ने राम, सिया राम, जय जय राम से पूरे स्कूल परिसर को गुंजामन कर दिया। बड़े बच्चो ने विद्यालय परिसर को रंगोली एवं लाइट से चमचमाता बना दिया। सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस प्रोग्राम में बच्चों ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रोग्राम को सफल बनाया।



**चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात दीपावली के दिन अयोध्या लौटे थे श्रीराम :** आयुषी काला ने बच्चों को बताया की दीपावली के दिन अयोध्या के राजा राम अपने चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात लौटे थे। इस अवसर पर रचना राजोरिया ने बच्चो को बताया की दीपावली का सामाजिक और धार्मिक दोनों दृष्टि से अत्यधिक महत्व है। इसे दीपोत्सव भी कहते हैं। इसे सिख, बौद्ध तथा जैन धर्म के लोग भी मनाते हैं। जैन धर्म के लोग इसे महावीर के मोक्ष दिवस के रूप में मनाते हैं तथा सिख समुदाय इसे बन्दी छोड़ दिवस के रूप में मनाता है।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में मोनिका सेठी, स्नेहा गट्टानी, आयुषी काला, रचना राजोरिया, रवि राजोरिया, आयुषी काला, रंचना राजोरिया, अमित भारद्वाज, राहुल, मंजू, कोमल राठौड़, राजकुमार कुमावत, दीपिका अग्रवाल, गजेंद्र कुमावत, गरिमा जैन, चाहिता जैन, कनक बियानी, अंजू, सुमन, कृष्णा, रितु, खुशबू, रिचा, अनुराधा, पूजा, भावना उपस्थित रहे।

## मस्क की ट्विटर के 75 फीसदी कार्यबल को हटाने की योजना

सैन फ्रांसिस्को।

सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर की कमान अगर उद्योगपति एलन मस्क के हाथों में आती है तो जब भी ऐसा होगा, उनकी योजना कंपनी के ज्यादातर कर्मचारियों को निकालने की है। वाशिंगटन पोस्ट में छपी एक खबर में ऐसा दावा किया गया है। अखबार में यह रिपोर्ट बृहस्पतिवार को प्रकाशित हुई। इसमें दस्तावेजों और सूत्रों के हवाले से बताया गया कि मस्क ने ट्विटर खरीद के लिए संभावित निवेशकों से ऐसा कहा है।

# दीपोत्सव पर्व पर कृष्णा स्कूल में हुए कार्यक्रम

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** कृष्णा स्कूल महाविद्यालय रताऊ में मध्यावधि अवकाश से पहले दीपोत्सव पर अनेकों कार्यक्रम हुए। इसमें कृष्णा स्कूल रताऊ के अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थीयों के बीच आज दीपोत्सव से सम्बंधित कई प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसमें नृत्य, रंगोली, दीपक प्रतियोगिता प्रमुख थी। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा छटी का प्रथम स्थान, कक्षा सात का द्वितीय स्थान तथा कक्षा 4 का तीसरा स्थान आया।

इसी के साथ दीपक प्रतियोगिता में मिष्टी सोनी प्रथम, कोमल नेण द्वितीय तथा पूजा मिर्धा तृतीय स्थान पर रही। चैयरमेन जगदीश कासनियां ने बच्चों का हौंसला बढ़ाया तथा प्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल कासनियां ने दिवाली पर्व पर अपनों के संग खुशियों से त्योहारों को बिना किसी दिखावे के कम खर्चे में मनाने को प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि त्योहार पर खुशी दिल से मनानी है दिखावा नहीं करना और किसी अपने से नाराजगी नहीं रखनी, सब धर्म, जाति के लोगों के साथ भाईचारे से रहने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस पर जवानों की शहादत को किया नमन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट के तत्वावधान में कुचामन पुलिस प्रशासन के सहयोग से फैज मोहम्मद स्मारक स्थल पर राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। पुलिस उपाधीक्षक संजीव कटेवा के सानिध्य में उपनिरीक्षक राजकुमार, क्लब संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, संरक्षक लॉयन पवन जैन, उपाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल, सहसचिव लॉयन रचित नंदवाना, हेड कांस्टेबल फारुखअली, राजेन्द्र कटारिया, नरेश कुमार, शिवभगवान आदि पुलिस एवं क्यूआरटी के जवानों ने देश सेवा के लिए कार्य करते हुए अपना जीवन मातृभूमि की रक्षा के लिए न्योछावर करने वाले उन सभी वीर जवानों की शहादत को नमन करते हुए शहीद फैज मोहम्मद की मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पुलिस उपाधीक्षक संजीव कटेवा ने बताया 21 अक्टूबर 1959 को लदाख के चाइना बॉर्डर पर चाइना सैनिकों द्वारा धोखे से किये गए हमले में बहादुरी से मुकाबला करते हुए शहीद हुए जवानों की स्मृति में हर वर्ष राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। लॉयन राम काबरा ने बताया आज आमजन सुरक्षित है तो इसका प्रमुख कारण दिन रात आमजन की सुरक्षा में तैनात रहकर एक कर्मयोगी की तरह अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे पुलिस कर्मी, इनकी सेवाओं को लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट की टीम सेल्यूट करती है।



## जे. डी. जैन इंग्लिश मीडियम स्कूल में दीपावली महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया




सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के पलटन गेट स्थित श्री जे. डी. जैन इंग्लिश मीडियम सैकण्डरी स्कूल में दीपावली महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। भगवान राम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक के सम्पूर्ण प्रसंगों का विद्यार्थियों द्वारा सुंदर तथा सजीव प्रस्तुतिकरण किया गया। जिन विद्यार्थियों ने रामायण के पात्रों का अभिनय किया, उन्हें शाला परिवार द्वारा पुरस्कृत किया गया। अभिनय के आधार पर प्रथम स्थान पर रक्षित गौड़ (हनुमान), द्वितीय स्थान पर राधिका शर्मा (सीता) तथा तृतीय स्थान पर कपिल जोशी (राम) और अमन कुमावत (लक्ष्मण) रहे। विद्यालय के सचिव संतोष पहाड़िया ने सभी को राम जैसा चरित्र अपनाने को कहा। प्रधानाचार्या श्रीमती शशि सोनी ने बताया कि सदा असत्य पर सत्य की विजय होती है, साथ ही उन्होनें भारतीय संस्कृति के अनुसार घर में मिट्टी के दीपक जलाने व चाईनीज लाइट्स का बहिष्कार करने को कहा। निर्णायकगण श्रीमती सरोज शुक्ला, श्रीमती किरण शर्मा और सुश्री लक्ष्मी अग्रवाल रहे और मंच संचालन राकेश काबरा, हितेन्द्र ओझा एवं सुश्री ज्योति शर्मा ने किया।

## कब्बडी में राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर डेगाना आने पर खिलाड़ियों का किया भव्य स्वागत



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** जयपुर के सवाईमान सिंह स्टेडियम में खेले गये राज्य स्तरीय कब्बडी प्रतियोगिता में डेगाना के गुन्दीसर की टीम के द्वारा राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर गुरूवार को रात को डेगाना आगमन पर टीम के खिलाड़ियों को स्टेशन पर शहरवासियों ने शानदार स्वागत किया। शिक्षक संघ शोखवत के सरंक्षक सुरेश डूडी ने कहा की गुन्दीसर के खिलाड़ियों ने राजीव गाँधी ग्रामीण ओलम्पिक में आयोजित हुई कब्बडी की प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर डेगाना ओर नागोर जिले का नाम रोशन किया है। डूडी ने कहा की कब्बडी नागोर जिले का सबसे लोक प्रिय खेल है। टीम के डेगाना आगमन पर राजस्थान शिक्षक संघ के शेखावत के ब्लॉक अध्यक्ष लालाराम कुलरिया की अध्यक्षता में डेगाना पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया, जिसमें पूर्व सरपंच मोतीराम मुरावतिया, पवन पुरोहित, बजरंग लाल सोहु, सुरेश कुमार डूडी, किशनाराम भांबू, भूराराम पीटीआई, रामनिवास खटकड पूर्व सरपंच तिलानेस, पूर्व सरपंच भीयाराम लोमरोड, घनश्याम पांडिया सहित शहर के गणमान्य लोगो ने टीम के सभी खिलाडी ओर कोच राजेंद्र शर्मा, जीयाराम महिया, भंवरू खां, झूंताराम गोदारा आदि का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया।

## कनिष्ठ लिपिकों ने किया पदभार ग्रहण



जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** शुक्रवार को निकटवर्ती भेरुन्दा पंचायत समिति में जिला परिषद के आदेश पर 2 कनिष्ठ लिपिकों ने पदभार ग्रहण किया। समिति के लेखा अधिकारी कैलाश बोरानियाँ ने बताया कि जिला परिषद नागौर के आदेश के बाद श्यामसुंदर थारोल एवं अशोक पाराशर ने जॉइनिंग दी गई है। इस दौरान पूर्व सरपंच बजरंग सिंह जोधा, गोल सरपंच रघुवीर सिंह गुड्डा, निम्बोला सरपंच रविंद्र सिंह बनवाड़ा, भीयांराम पेड़ीवाल, सुल्तान मोहम्मद, अंकित सिंह जोधा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

## चिकित्सा कार्मिकों की खंड स्तरीय मासिक बैठक आयोजित

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के स्वास्थ्य कर्मिकों की खंड स्तरीय मासिक बैठक शुक्रवार को पंचायत समिति सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीसीएमओ डॉ. रामकिशोर सारण ने की। डॉ. सारण ने डेगाना खंड में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी, एलएचवी, एएनएम, डीईओ, आशा सुपरवाईजर से इस माह में किये ऑनलाइन व ऑफलाइन काम की समीक्षा की गयी। बैठक में दस्त नियंत्रण पखवाड़ा, कृमि मुक्ति दिवस, क्षय रोग सर्वे मे एक्टिव केस फाइंडिंग, चिरंजीवी योजना में प्रधानमंत्री जन आरोग्य कार्ड बनाने, परिवार कल्याण, संस्थागत प्रसव, मौसमी बीमारियों, के साथ पिसिटीएस शॉफ्टवेएर, आशा शॉफ्ट, ओजस, जेएसवाई, राजश्री योजना, डेली ओपीडी पर विस्तार से चर्चा की। समय पर लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में डॉ. रवि थिरोदा कितलसर, डॉ. संदीप जाखेडा, खंड आशा समन्वयक शिम्भुराम कड़वासरा, संजय रूणवाल, ताजुद्दीन अब्बासी, महेंद्र सिंह गुर्जर, रामाअवतार लखारा, लता पुष्पम, थ्रेसियम्मा, इंदु जोया उपस्थित रहे।

## सोना 372 रुपये टूटा, चांदी 799 रुपये फिसली

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 372 रुपये टूटकर 50,139 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 50,511 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

# मॉडर्न महिला महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का हुआ आयोजन





### प्रिया कुमावत बनी मिस फ्रेशर

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के आसपुरा रोड पर स्थित एवं न्यू मॉडर्न एज्यूकेशन ग्रुप द्वारा संचालित मॉडर्न महिला महाविद्यालय में आज नवप्रवेशित छात्राओं के लिए स्वागत समारोह फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। क्रार्यक्रम में संस्था उपाध्यक्ष रामनिवास दादरवाल, संस्था निदेशक देवीलाल दादरवाल, प्रबन्ध निदेशक कमलेश कुमार न्यूमॉडर्न उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मदनलाल कुमावत, प्रबन्ध सदस्य सुरेश कुमार, आशीष दादरवाल, बाबूलाल बारवाल, पंकज शर्मा, मूलचन्द आदि मंचासीन थे। कला द्वितीय वर्ष की छात्रा लारा कुमावत के पैरोडी सोन्ग मारो बालम थानेदार, सीमा कुमावत द्वारा प्रस्तुत नृत्य बाजूदार बंगडी, कला प्रथम वर्ष की मीनाक्षी व कृष्णा कुमावत द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने शानदार समा बान्ध दिया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्राओं को मंच पर आमन्त्रित कर उनके लिए एक मिनट गेम का आयोजन रखा गया जिसमें छात्राओं को एक मिनट की अवधि में बताया गया टास्क पूरा करना था।

**राजस्थानी घूमर नृत्य ने झूमने पर किया मजबूर :** कार्यक्रम की इसी कड़ी में विज्ञान प्रथम वर्ष की छात्रा कोमल कुमावत द्वारा राजस्थानी नृत्य घूमर प्रस्तुत कर दर्शक छात्राओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसी कड़ी में कला प्रथम वर्ष की बालिकाओं द्वारा संगीतमय हास्य नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चॉद लगा दिये। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा नवप्रवेशित छात्राओं की प्रस्तुतिकरण के आधार पर कला प्रथम वर्ष की प्रिया कुमावत को मिसफ्रेशर चुनते हुये ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। संस्था निदेशक देवीलाल दादरवाल द्वारा अपने आशिर्वचन में छात्राओं को पूर्णमनोयोग से कॉलेज जीवन का आनन्द लेते हुये अपने लक्ष्य पर पहुॅचन का आशिर्वाद दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन छात्रा कंचन कुमावत व प्रियंका कुमावत ने किया। इस अवसर पर मनोज शर्मा जितेश राजौरिया, देवेन्द्रपाल सिंह, ललिता कुमावत, प्रकाशचन्द्र, दुर्गानाथ व हरीश कुमावत सहित समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे।

## एस.एल. इंटरनेशनल स्कूल में दीपोउत्सव का हुआ आयोजन



### स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुतियां

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के नागौर रोड स्थित एस. एल.इंटरनेशनल स्कूल में दीपोउत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अतिथि कॉग्रेस पीसीसी सदस्य लालाराम नायक, केश कला बोर्ड के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य माणक सेन मौजूद रहे। इस मौके पर अतिथियों ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए रंगीन दीपक का अवलोकन किया। स्कूल निदेशक महेंद्र नायक ने बताया कि इस मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इस मौके पर केश कला बोर्ड के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य माणक सेन ने बताया की इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों का सर्वागीण विकास होता है इसके साथ ही उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार के द्वारा भी शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कदम उठाए गए। इसके साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन भी लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर रविन्द्र प्रजापत, जगदीश साहित्य विद्यालय परिवार के लोग मौजूद रहे।

# जोधपुर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने कांग्रेस अध्यक्ष खडके का पूतला फूंका

### खडके ने बकरीद और मोहर्रम को लेकर दिया था विवादित बयान

सद्दाम रंगरेज



**जोधपुर( नागौर डेली न्यूज ) :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से शुक्रवार को पार्टी हाईकमान के निर्देश अनुसार जोधपुर कलेक्ट्रेट के सामने बकरीद और मोहर्रम को लेकर कांग्रेस के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे द्वारा दिए गए मुस्लिम धर्म विरोधी बयान के विरोध में मलिकार्जुन खड़के का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला पठान खां मेहर ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़के द्वारा भोपाल में दिया गया बयान 'बकरीईद में बचेंगे तब मोहर्रम पर नाचेंगे' मुस्लिम समाज व देश के बहुसंख्यक समाज को झकझोर देने वाला है। हमेशा भाजपा को सांप्रदायिकता के मुद्दों पर कटघरे में खड़ी करने वाली कांग्रेस पार्टी बताएं कि उनके वरिष्ठ नेता ने इस तरह का बयान क्यों दिया यह लोग जहां भी जाते हैं। अपनी सुविधानुसार सत्ता प्राप्त के लालच के लिए बयान देते रहते हैं। मोर्चा जिला अध्यक्ष पठान खां मेहर ने आगे कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़के को पता होना चाहिए कि मोहर्रम में नाचते नहीं बल्कि हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों द्वारा दी गई शहादत कुर्बानी को लेकर शहादत दिवस के रूप में इस दिन को मनाया जाता है। यह खुशी का नहीं बल्कि गम का मौका है और इस दिन रोजा भी रखा जाता है।

**कांग्रेस ने 75 वर्षों में अल्पसंख्यकों के लिए कोई ठोस काम नहीं किया :** इस मौके पर मोर्चा के जिला महामंत्री यूसुफ चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पिछले 75 वर्षों में वैसे भी अल्पसंख्यक समाज के विकास शिक्षा व अन्य कामों को लेकर कई ठोस कार्य नहीं किया और खड़के के इस तरीके के बयान देकर वह हमारी धार्मिक भावनाओं के साथ खेलने का कार्य कर रहे हैं।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर मोर्चा के परदेश मेंबर अब्दुल मुक्तदीर खताई, हुसैन छीपा, जिला महामंत्री यूसुफ चौधरी, रफीक लोहार, आरिफ लोहार नागौरी, समा बहन, उमर चौहान,शोकत पठान, लियाकत बरोंनदीया, हमीद चौहान, इकराम इलीयास शेख, मेरुनीशा सीलावट, सलीम अब्बासी, मोहम्मद केफ, करीम लाला सहित अनेक मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मारोठ में फैला चारो ओर गंदगी का साम्राज्य

## दीपावली के त्योहार पर भी नहीं हुई साफ सफाई

### सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

हितेश रारा



**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे में साफ सफाई व्यवस्था के हॉल बदहाल है। कस्बे की हर गली चौराहा गंदगी से अटा पड़ा है। दीपावली त्योंहार को लेकर घर-घर में सफाई हो रही है। हर कोई अपने घर को सुंदर बनाने और साफ सुथरा और सुंदर रखने के लिए लोग जुटे हुए हैं, लेकिन ग्राम पंचायत को त्योंहार पर कस्बे को साफ-सुथरा रखने की सुध ही नहीं है।

बदहाल व्यवस्थाओं का आलम यह है कि कस्बे के कई इलाकों में कई-कई महीनों से कचरा तक नहीं उठ रहा है। कस्बे के अधिकांश वार्डों में नालियों की साफ-सफाई हुए कई महीने बीत गए हैं। इससे मोहल्लों की सड़को पर कीचड़ और पानी फैला पड़ा है इस गंदगी से राहगीरों को आवागमन में असुविधा हो रही है। सीकर अजमेर मार्ग पर सड़क के पास बने पी डब्लू डी के नालों की साफ सफाई हुए सालो साल बीत गए हैं। जिनकी सुध ना ही तो ग्राम पंचायत और न ही पि डब्ल्यू डी ले रही है। बस स्टैंड निवासी निर्मल योगी ने बताया कि पंचायत को अनेकों बार इन नालों की बदहाल सफाई के बारे में अवगत करवाया जा चुका है किंतु सब ढाक के दो पात के बराबर है। इन नालों की गंदगी से परेशान होकर क्षेत्रवासियों को खुद ही साफ सफाई करनी पड़ती है। जिम्मेदार विभागों की उदासीनता के चलते कोरोना जैसी महामारी में भी इन नालों की सुध लेने वाला कोई नहीं आया और वर्तमान में भी डेंगू और मच्छर जनित अनेक रोग फेल रहे हैं किंतु यहां की व्यवस्था का आलम यह है कि अंधेरी नगरी चौपट राजा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार दिवाली का त्यौहार है और कहीं पर भी साफ सफाई नजर नही आ रही है जिससे आमजन में आक्रोश है।

## जरूरतमंद बच्चों के संग बांटी खुशियां



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** त्यौहार या खुशियों के पल में आज कल लोग अपनों को भूल जाते है। तो परायो की फ़िक्र कौन करें, बड़े त्यौहार भी अब सोशल मीडिया मे सिमटकर रह गये है। ऐसे मे यदि कोई निर्धन बच्चों के संग दीपावली का पर्व मनाने पहुँचे तो देख कर लगता है की अब भी हममें सामाजिक सरोकार बाकी है। लाडनूँ शहर के बचपन स्कूल के कक्षा दूसरी के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने शिक्षिकाओं के साथ गरीब बस्ती मे जाकर मिठाई, कपड़े, पटाखे, मिट्टी के दीपक, खिलौने के साथ अनगिनत भाव लेकर जरूरतमंद बच्चों के साथ खुशियां बांटने का काम किया।

निदेशक दिनेश धेडू ने बताया की स्कूल के विद्यार्थियो ने गरीब बच्चों में दिवाली की खुशियाँ बांटने का प्रयास करते हुए उनके मनोबल को बढ़ाया व समाज को एक नया सन्देश दिया है।

## दीपावली अवकाश में भी कर रहे हैं बोर्ड कक्षाओं का संचालन

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** जहाँ एक और सरकारी शिक्षको के बारे में स्कूल समय में बच्चों को नहीं पढ़ाने की आम तौर पर शिकायतें मिलती रहती है। ऐसे में लाडनूं की केसरदेवी बालिका स्कूल का शिक्षक स्टाफ अपने दीपावली पर मिलने वाले अपने सरकारी अवकाश में घर पर त्यौहार की तैयारियों में जुटने की बजाय प्रतिदिन दो घण्टे स्कूल में आकर बोर्ड कक्षाओं की अतिरिक्त कक्षाएं ले रहे हैं। प्रधानाचार्य ओम शंकर गर्वा ने बताया कि स्टाफ ने निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूल की बोर्ड कक्षाओं का बेहतर रिजल्ट देने के उद्देश्य से अवकाश के दिनों का सदुपयोग करते हुए बालिकाओं को दो घण्टे अतिरिक्त अध्ययन करवाने में जुटा हुआ है। यहां स्वयं प्रधानाचार्य ओमशंकर गर्वा, व्याख्याता कृष्ण गोपाल राठी, विजय सिंह चौहान, शंकर लाल मेघवाल, आरती पटेल, एवं वरिष्ठ अध्यापक शिव शंकर बोहरा, रामगोपाल बिजारणियां आदि स्टाफ भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी साहित्य, गणित व विज्ञान की कक्षाएं, कक्षा 12 विज्ञान वर्ग व कला वर्ग तथा कक्षा 10 की अतिरिक्त कक्षाएं अभिभावक व छात्राओं की मांग परसंचालित कर रहे है।

## प्रतियोगिता का हुआ समापन, विजेता खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

हुक्माराम ताडा



**खींवसर( नागोर डेली न्यूज़ ) :** खींवसर उपखंड क्षेत्र के ग्राम खोड़वा में आयोजित भैंरु बाबा खो-खो प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रधानाध्यापक किशोर राम ताडा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम बालक वर्ग में भेड़ रही।

वहीं बालिका वर्ग में विजेता ढिंगसरा टीम रही। ताडा ने बताया कि बालक वर्ग में विजेता भेड़,बालिका वर्ग में विजेता ढींगसरा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खींवसर फोर्ट से प्रतिनिधि हिम्मत सिंह व रिड़मलसिंह ने पहुंचकर खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। वहीं विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस मौंके पर बैरावास सरपंच नरेश नायक, बलदेव राम काला, सुरेश ताडा व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मैच रैफरी की भूमिका बस्तीराम, प्रहलाद, गणपत राम, तेजाराम व नारायण राम मेघ सहित मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com